Arth Parkash 27.8.25

# एसडी कॉलेज में अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के तहत वर्कशॉप का आयोजन



वर्कशॉप में छात्रों को एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से फिजिक्स को समझने का बेहतर तरीका बताया

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट फिजिक्स विभाग के बोसोन्स क्लब की ओर से आईएपीटी आरसी-03 के सहयोग से चल रही अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के एक भाग के रूप में ÷एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से फिजिक्स सीखना÷ पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा द्वारा 2 मई, 2025 को कश्मीर के कुपवाड़ा में शुरू की गई यह यात्रा, एक्सपेरिमेंटल लर्निंग की भावना का प्रसार करने के लिए पूरे देश में एक इलेक्ट्रॉनिक मशाल लेकर जाएगी। इस मशाल के चंडीगढ़ पहुंचने पर जीजीडीएसडी कॉलेज के फिजिक्स विभाग ने इस वर्कशॉप की मेजबानी की। वर्कशॉप के आयोजन सचिव डॉ. अमित गोयल ने रिसोर्स पर्सन्स एसजीजीएस कॉलेज, चंडीगढ़ के पूर्व प्रिंसिपल प्रो.एमएस मारवाहा और आईएपीटी के सचिव डॉ. संजय शर्मा का स्वागत किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने वक्ताओं का पौधे देकर स्वागत किया और छात्रों को ऐसी वर्कशॉप्स में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने छात्रों को सरल किन्तु प्रभावशाली प्रदर्शनों के माध्यम से यह दिखाया कि फिजिक्स को केवल थ्योरी के बजाय एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से बेहतर तरीके से कैसे समझा जा सकता है।

प्रोफेसर एमएस मारवाहा ने स्टूडेंट्स को फ्री, फोर्स्ड और रेजोनेंट वाइब्रेशंस; ट्रांसवर्स और लांगिट्यूडनल वेव्स; सिंपल हार्मोनिक मोशन; कपल्ड आसलेटर्स आदि की अवधारणाओं को सरल एक्सपेरिमेंट्स सेटअप के माध्यम से समझाया। वहीं, डॉ. संजय शर्मा ने छात्रों को साधारण प्लास्टिक की बोतलों के माध्यम से गति के संरक्षण की अवधारणा को समझाया। इस इवेंट में लगभग 100 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। फिजिक्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलू महाजन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा वर्कशॉप को सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की तथा वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

Dainik Savera Times 27.8.25

# वर्कशॉप में छात्रों को एक्सपैरिमैंट्स के माध्यम से फिजिक्स को समझने का बेहतर तरीका बताया



वर्कशॉप में हिस्सा लेते छात्र।

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के पोस्ट ग्रैजुएट फिजिक्स विभाग के बोसोन्स क्लब की ओर से आईएपीटी आरसी-03 के सहयोग से चल रही अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के एक भाग के रूप में एक्सपैरिमैंट्स के माध्यम से फिजिक्स सीखना पर वर्क शाप का आयोजन किया गया। पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा द्वारा 2 मई, 2025 को कश्मीर के कुपवाड़ा में शुरू की गई यह यात्रा, एक्सपैरिमैंटल लिर्निंग की भावना का प्रसार करने के लिए पूरे देश में एक इलेक्ट्रॉनिक मशाल लेकर जाएगी। इस मशाल के चंडीगढ़ पहुंचने पर जीजीडीएसडी कॉलेज के फिजिक्स विभाग ने इस वर्क शॉप की मेजबानी की। वर्क शॉप के आयोजन सचिव डॉ. अमित गोयल ने रिसोर्स पर्सन्स एसजीजीएस कॉलेज, चंडीगढ़ के पूर्व प्रिंसिपल प्रो.एमएस मारवाहा और आईएपीटी के सचिव डॉ. संजय शर्मा का स्वागत किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने वक्ताओं का पौधे देकर स्वागत किया और छात्रों को ऐसी वर्क शॉप्स में सिक्रय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. संजय शर्मा ने छात्रों को साधारण प्लास्टिक की बोतलों के माध्यम से गति के संरक्षण की अवधारणा को समझाया। इस इवेंट में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। फिजिक्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलू महाजन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा वर्क शॉप को सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की तथा वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

Divya Himachal 27-8-25

# एसडी कालेज में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग वर्कशॉप



चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट फिजिक्स विभाग के बोसोन्स क्लब की ओर से आईएपीटी आरसी-03 के सहयोग से चल रही अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के एक भाग के रूप में एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से फिजिक्स सीखना पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पद्मश्री प्रोफेसर एचसी वर्मा द्वारा दो मई को कश्मीर के कुपवाड़ा में शुरू की गई यह यात्रा, एक्सपेरिमेंटल लर्निंग की भावना का प्रसार करने के लिए पूरे देश में एक इलेक्ट्रॉनिक मशाल लेकर जाएगी। इस मशाल के चंडीगढ़ पहुंचने पर जीजीडीएसडी कालेज के फिजिक्स विभाग ने इस वर्कशॉप की मेजबानी की। वर्कशॉप के आयोजन सचिव डा. अमित गोयल ने रिसोर्स पर्सन्स एसजीजीएस कालेज चंडीगढ़ के पूर्व प्रिंसीपल प्रो. एमएस मारवाहा और आईएपीटी के सचिव डा. संजय शर्मा का स्वागत किया। कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने वक्ताओं का पौधे देकर स्वागत किया और छात्रों को ऐसी वर्कशॉप्स में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने छात्रों को सरल किन्तु प्रभावशाली प्रदर्शनों के माध्यम से यह दिखाया कि फिजिक्स को केवल थ्योरी के बजाय एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से बेहतर तरीके से कैसे समझा जा सकता है। प्रोफेसर एमएस मारवाहा ने स्टूडेंट्स को फ्री, फोर्स्ड और रेजोनेंट वाइब्रेशंसय ट्रांसवर्स और लांगिट्यूडनल वेव्सय सिंपल हार्मोनिक मोशनय कपल्ड आसलेटर्स आदि की अवधारणाओं को सरल एक्सपेरिमेंट्स सेटअप के माध्यम से समझाया।

Punjab Kesari 28.8.25

# छात्रों को एक्सपेरिमैंट्स से फिजिक्स को समझने का तरीका बताया



*सैक्टर-32 स्थित जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज में प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा और सदस्य इलैक्ट्रॉनिक मशाल के साथ। (परमजीत)*

## अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के तहत वर्कशॉप का आयोजन

चंडीगढ़, 27 अगस्त (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्ट ग्रैजुएट फिजिक्स विभाग के बोसोन्स क्लब की ओर से आई.ए.पी.टी. आर.सी.-03 के सहयोग से चल रही अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा 2025 के एक भाग के रूप में एक्सपेरिमैंट्स के माध्यम से फिजिक्स सीखना पर वर्कशाप का आयोजन किया गया।

प्रोफैसर एच.सी. वर्मा द्वारा 2 मई को कश्मीर के कुपवाड़ा में शुरू की गई यह यात्रा, एक्सपेरिमैंटल लर्निंग की भावना का प्रसार करने के लिए पूरे देश में एक इलैक्ट्रॉनिक मशाल लेकर जाएगी। इस मशाल के चंडीगढ़ पहुंचने पर कॉलेज के फिजिक्स विभाग ने इस वर्कशॉप की मेजबानी की। प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा ने वक्ताओं का पौधे देकर स्वागत किया और छात्रों को ऐसी वर्कशॉप्स में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. संजय शर्मा ने छात्रों को साधारण प्लास्टिक की बोतलों के माध्यम से गति के संरक्षण की अवधारणा को समझाया।